परेशानी | सड़क बनी परेशानी , मरम्मत का इंतजार

रामपुर से खारीघाट मार्ग की जर्जर हालत

नवभारत , जबलपुर । शहर के रामपुर से ग्वारीघाट (खारीघाट) तक जाने वाले प्रमुख मार्ग की स्थिति इन दिनों बेहद खराब बनी हुई है। सड़क की डामर परत कई जगह से उखड़ चुकी है, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय रहवासियों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि मानसून आने में अब अधिक समय नहीं बचा है, लेकिन सड़क सुधार का कार्य अब तक पूरा नहीं किया गया है। नवभारत की पड़ताल में पाया गया कि सड़क के कई हिस्सों में गिट्टी और मिट्टी बाहर आ चुकी है। दोपहिया वाहन चालक संतुलन बनाकर चलने को मजबूर हैं, जबकि चारपहिया वाहनों की रफ्तार भी काफी धीमी हो गई है। स्थानीय

नागरिकों का कहना है कि यदि पहली तेज बारिश से पहले मरम्मत नहीं हुई तो सड़क पर गड्ढे और गहरे हो जाएंगे, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाएगा।

पाइपलाइन का काम पूरा सड़क अब भी बदहाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले इस मार्ग पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया था। पाइपलाइन तो बिछा दी गई, लेकिन इसके बाद सड़क को पूर्व स्थिति में लाने के लिए आवश्यक मरम्मत नहीं की गई। परिणामस्वरूप पूरा मार्ग ऊबड़-खाबड़ हो गया है और जगह-जगह डामर उखड़ने से आवागमन प्रभावित हो रहा है और रोज़ ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न होती है ।

रोजाना हजारों लोगों का आवागमन

रामपुर से ग्वारीघाट मार्ग धार्मिक और आवासीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन श्रद्धालु, छात्र, नौकरीपेशा लोग और स्थानीय नागरिक इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली के कारण हर दिन जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है।

बारिश से पहले कार्रवाई नहीं हुई तो बढ़ सकती हैं मुश्किलें

मानसून शुरू होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। यदि जल्द ही सड़क का कार्य नहीं कराया गया तो जलभराव, गहरे गड्ढे, यातायात बाधित होने और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी। समय रहते मरम्मत कराने से भविष्य में होने वाले बड़े खर्च और जोखिम दोनों को कम किया जा सकता है।

एमपी स्टेट बार चुनाव मतगणना आज से

जबलपुर। प्रदेश के सवा लाख से अधिक वकीलों का पंजीयन करने वाली सर्वोच्च संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल के चुनाव अंतर्गत मतगणना आज मंगलवार 16 जून से प्रारंभ होगी, हालांकि यह प्रक्रिया लंबी होती है। जिसमें एक माह से अधिक समय तक सतत चलने की संभावना है। इसके बाद ही परिणाम सामने आएंगे। निर्वाचन अधिकारी हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एसके पालो व वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने बताया कि मतगणना को पूरी तरह पारदर्शी व सुरक्षित बनाने के लिए हाईटेक व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरे हर मतपत्र पर नजर रखेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए मंगलवार 12 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया गया था। प्रदेशभर में करीब 87 हजार अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था। जबलपुर में 9819 अधिवक्ता मतदान के लिए पंजीकृत थे, जिनके लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और जिला अदालत परिसर में मतदान केंद्र बनाए गए थे।

बार के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला रहेगा : एसीजे विवेक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के रजत जयंती आदर्श सभागार में पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट के नव नियुक्त जस्टिस संजीव सचदेवा को विदाई दी गई, वहीं नवागत एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान एसीजे रूसिया ने कहा कि मेरा कक्ष बार के पदाधिकारियों और वकीलों के लिए सदैव खुला रहेगा। वहीं विदा हो रहे जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि बार और बेंच के बीच ऐसा सौहार्दपूर्ण समन्वय बना रहा कि एक भी हड़ताल नहीं हुई। उन्होंने इसे अपने कार्यकाल की सबसे संतोषजनक उपलब्धियों में शामिल बताया।

मुख्यपीठ से स्थानांतरित होकर अन्य खंडपीठ में जा रहे जस्टिस विनय सराफ को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वरिष्ठ जस्टिस आनंद पाठक के मुख्यपीठ जबलपुर के प्रशासनिक न्यायाधीश बनाए जाने पर उनका स्वागत हुआ। वहीं अन्य खंडपीठों से स्थानांतरित होकर आये जस्टिस प्रणय वर्मा एवं जस्टिस संजीव कालगांवकर का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट बार सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। बार अध्यक्ष अधिवक्ता अमित जैन, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत शर्मा, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह तथा डिप्टी सालिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरु सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान बार सचिव परितोष त्रिवेदी ने जस्टिस संजीव सचदेवा से आग्रह किया कि जबलपुर मूल के वे योग्य अधिवक्ता, जो दिल्ली में वकालत कर रहे हैं, उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट में न्यायाधीश बनाए जाने की दिशा में सकारात्मक पहल हो।

बड़े धार्मिक व पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगी गौर नदी

विधायक, महापौर ने चल रहे सफाई श्रमदान का किया निरीक्षण

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम द्वारा ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व की गौर नदी को उसके प्राकृतिक और भव्य स्वरूप में वापस लाने के लिए युद्ध स्तर पर संरक्षण और संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने गौर नदी में चल रहे सफाई श्रमदान कार्य का अवलोकन किया। माँ नर्मदा की इस सबसे सुंदर और प्रमुख सहायक नदी को उसके प्राचीन व प्राकृतिक स्वरूप में वापस लाने के लिए युद्ध स्तर पर

कार्य चल रहा है।

गौर नदी के संरक्षण, संवर्धन और सौंदर्यीकरण के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे नदी का संपूर्ण जीर्णोद्धार होगा। यह परियोजना क्षेत्र के पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सौंदर्यीकरण के बाद यह स्थल एक बड़े धार्मिक व पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। विशेष रूप से छठ महापर्व के आयोजन के लिए यहाँ बेहद उपयुक्त, सुरक्षित और भव्य घाट व बुनियादी सुविधाएं तैयार की जा रही हैं।

अकल्पनीय बदलाव से जनता में भारी उत्साह- गौर नदी के घाटों और तटीय क्षेत्रों में पहले और अब की स्थिति में आया अंतर साफ देखा जा सकता है। इस अकल्पनीय और ऐतिहासिक बदलाव को देखकर क्षेत्रीय नागरिकों में अत्यंत हर्ष और उत्साह का माहौल है।

युवक पर पिस्टल से किया फायर

नवभारत, जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत सिद्धबाबा रामलीला मैदान के पास बदमाशों ने युवक पर पर जानलेवा हमला कर दिया। मुख्य आरोपी ने युवक की छाती पर पिस्टल तानकर ट्रिगर दबा दिया, लेकिन मिसफायर होने की वजह से युवक की जान बाल-बाल बच गई। इसके बाद आरोपियों ने युवक को पकड़कर पिस्टल के बट से मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया घमापुर के सिद्धबाबा रामलीला मैदान के पास रहने वाला 30 वर्षीय अनमोल डेनियल एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह रामलीला मैदान के सामने स्थित कल्लू के भतीजे की दुकान पर अंडा खाने गया था। जब वह अंडा खाकर अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर की तरफ निकल रहा था, तभी दुकान के पास खड़े कुछ लड़के सरेआम गालियां बक रहे थे। गाली देते देख अनमोल ने उन्हें नसीहत दी और गाली देने से मना किया। इतनी सी बात पर वहां मौजूद बदमाश भड़क गए। इसी बीच मुख्य आरोपी शुभम सोनकर अपने तीन अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गया। शुभम ने अनमोल को धमकाते हुए कहा कि तुम हमारे बीच में बोलने वाले कौन होते हो? और सीधे अपनी कमर से पिस्टल निकालकर अनमोल पर फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली नहीं चली और मिसफायर हो गया। फायर मिस होते ही शुभम के तीनों साथियों ने अनमोल को चारों तरफ से दबोच लिया, ताकि वह भाग न सके। इसके बाद शुभम सोनकर ने जान से मारने की नीयत से पिस्टल के भारी-भरकम बट से अनमोल के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किए। सिर फटने से अनमोल खून से लथपथ होकर वहीं गिर गया और चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर उसके दोस्त लक्ष्मण उर्फ कल्लू और लड्डू उर्फ ऋषभ कोरी उसे बचाने के लिए दौड़े। दोस्तों को अपनी तरफ आता देख शुभम सोनकर अपने तीनों मददगार साथियों सहित अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। लहूलुहान हालत में दोस्तों ने अनमोल को तुरंत इलाज के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम सोनकर और उसके तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पाटन मंडी में खड़े लोडिंग वाहन से 80 क्विंटल मूंग चोरी

नवभारत, जबलपुर। पाटन कृषि उपज मंडी में खड़े लोडिंग वाहन से 80 क्विंटल मूंग चोरी हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

पुलिस के मुताबिक शरद कुमार अग्रवाल 49 वर्ष निवासी जबलपुर रोड पाटन ने लिखित शिकायत की कि पाटन कृषि उपज मण्डी में शिव शक्ति ट्रेडर्स के नाम से फर्म संचालित कर मण्डी में अनाज की खरीदी विक्रय करता है। उसके पास पाटन कृषि उपज मण्डी में खरीदी विक्रय के लिए वैध लायसेंस है। उसके पार्टनर सुखमाल कुमार जैन के नाम पर भी एक रजिस्टर्ड फर्म आदिनाथ ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दर्ज है, उनके पास भी पाटन कृषि उपज मण्डी में खरीदी विक्रय के लिए वैध लायसेंस है। उक्त दोनों फर्म का खरीदी विक्रय, पेमेन्ट आदि से संबंधित कार्य उसके द्वारा ही किया जाता है। उसने उक्त दोनों फर्म के नाम से मण्डी डाक पर अलग अलग किसानों से लगभग 135 बोरी मूंग खरीदी की थी, खरीदी करने के उपरांत उक्त समस्त अनाज उसने अपनी मालवाहक वाहन माजदा क्रमांक एमपी 20 जीए 4366 में लोड कराकर मण्डी परिसर में ही खड़ी कर दी थी। अज्ञात चोर 135 बोरी मूंग वजन करीबन 80 क्विंटल कीमती लगभग 4,80,000 रूपए की चुराकर ले गया ।

आरपीएफ ने दो शातिर चोर और कबाड़ी को दबोचा

जबलपुर, नवभारत। रेलवे सुरक्षा बल ने गश्त के दौरान सतपुला साइडिंग क्षेत्र से दो शातिर चोरों दिनेश उर्फ भूत चौधरी निवासी बरेला और लोकेश उर्फ हर्ष सिंह थापा निवासी गोरा बाजार को रंगे हाथ दबोचा। पूछताछ के बाद पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी का माल खरीदने वाले उखरी चौराहा के एक कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों के पास से रेलवे के कोच और इंजन से निकाले गए रेल लाइन के टुकड़े और कॉपर वायर बरामद किए गए हैं। आरपीएफ ने इन तीनों आरोपियों के खिलाफ रेल संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम 1966 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे सुबह के वक्त भी इसी रेलवे परिसर में घुसे थे। वहां से उन्होंने रेल लाइन के 2 टुकड़े चुराए और एक ऑटो में लादकर उखरी चौराहा स्थित कबाड़ी की दुकान पर बेच आए। इसके बाद ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में वे उसी दिन दोबारा साइडिंग क्षेत्र में आ गए। इस बार वे कोच और इंजन के कीमती हिस्सों को निशाना बनाने की फिराक में थे। रेलवे सुरक्षा बल इन दिनों रेल संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर है। इसी कड़ी में उपनिरीक्षक अरविंद सिंह और आरक्षक हरीकेश दुबे गोकलपुर रांझी क्षेत्र में गश्त पर तैनात थे। गश्त के दौरान उन्हें सतपुला रेलवे साइडिंग के पास खड़े एक इंजन के पास दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। सुरक्षाकर्मियों ने जब घेराबंदी कर उन्हें हिरासत में लिया।

युवती को प्रेम जाल में फंसाकर लूटी अस्मत

नवभारत, जबलपुर । अधारताल थाना क्षेत्र में पड़ोसी किशोर ने पहले तो युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर डरा-धमकाकर उसके साथ दुराचार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 22 वर्ष पीड़िता की कुछ समय पहले पहचान पड़ोस में ही रहने वाले 17 वर्ष किशोर से हुई थी। किशोर ने मीठी-मीठी बातें कर युवती को अपने झांसे में ले लिया और उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। बीते दिनों आरोपी ने युवती को मिलने के बहाने अधारताल तालाब के पास बुलाया। जब युवती वहाँ पहुँची, तो आरोपी उसे बहला-फुसलाकर पास के ही एक सुनसान इलाके में ले गया और वहाँ उसके साथ जबरन दुराचार किया। पहली घटना के बाद पीड़िता पूरी तरह सहम गई थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी उस पर लगातार मानसिक दबाव बनाने लगा। डरी-सहमी पीड़िता को आरोपी ने दोबारा अपने पास बुलाया और इस बार वह उसे एक रेस्टोरेंट लेकर गया। रेस्टोरेंट के केबिन के एकांत का लाभ उठाकर आरोपी ने पीड़िता के साथ फिर से गलत काम किया। आरोपी की आए दिन की धमकियों और प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और अधारताल थाने पहुँचकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

स्टेशन मास्टर एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

जबलपुर, नवभारत। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन ने सोमवार 15 जून को भारतीय रेलवे के समस्त 69 डिवीजनों में अभूतपूर्व एकजुटता और अनुशासन के साथ अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर ऑन-ड्यूटी बैज लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्टेशन मास्टरों की आवाज़, उनका संकल्प और उनका अधिकार है। इसी क्रम में जबलपुर रेलवे स्टेशन स्थित डिप्टी एसएस कार्यालय में भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ए आर पाल, जनरल सेक्रेटरी, ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन ने बताया कि सभी साथियों ने एक स्वर में प्रशासन को यह स्पष्ट संदेश दिया कि अब समय आ गया है इन मांगों का त्वरित और ठोस समाधान किया जाए। यदि उनक मांगों को नहीं माना गया तो आंदोलन और तेज किया जायेगा।

ये हैं प्रमुख मांगे

पूरे भारतीय रेलवे में सभी रिक्त पदों को भरकर जीरो वैकेंसी सुनिश्चित की जाए।

अमानवीय 12 घंटे के रोस्टर को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए।

बिना किसी सीलिंग के सभी को नाइट ड्यूटी अलाउंस प्रदान किया जाए।

स्ट्रीमलाइन प्रक्रिया के तहत आईआरटी एवं आईडीटी के सभी लंबित मामलों का तुरंत निपटारा कर, स्टेशन मास्टरों को उनके इच्छित स्थानों पर नियुक्त किया जाए।

खाई के मुहाने पर अटकी फोरव्हीलर, 11 घायल

नवभारत, जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम बरगी के पास मैहर से लौट रहे श्रद्धालुओं की फोरव्हीलर अनियंत्रित होकर पुल की दीवार से टकरा गई। गनीमत रही कि कार पुल से नीचे नहीं गिरी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था क्योंकि नीचे गहरी खाई थी। कार समीप ही नाले में घुस गई थी। हादसे में 11 लोग घायल हुए है। घायलों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायल दमोह जिले के तेंदूखेड़ा के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक घनश्याम गौड़ 37 वर्ष निवासी तेंदुखेड़ा जिला दमोह का कार क्रमांक एमपी 20 एक्स जी 6026 को किराये से लेकर ड्राइवर बलराम पटैल के साथ अपने परिवार सहित मैहर दर्शन करने गया था दर्शन करने के बाद सोमवार सुबह लगभग 9-10 बजे मैहर से घर के लिये निकले थे।

4 करोड़ की सड़क का निर्माण कार्य समय सीमा में करें पूरा

महापौर, विधायक ने ठेकेदार को दिए निर्देश

रानी अवंती बाई वार्ड के रहवासियों को मिली है सौगात

नवभारत,जबलपुर। नगर के विकास और शहर के नागरिकों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ रानी अवंती बाई वार्ड के चैतन्य सिटी में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली मुख्य सड़क का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से निर्माण कार्य का सघन निरीक्षण किया और प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महापौर और विधायक ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को कड़े निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वार्ड की अन्य बची हुई सड़कें भी बनेंगीं

चैतन्य सिटी और आस-पास के नागरिकों की मांग को सहृदयता से सुनते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों की मांग पर वार्ड की शेष बची अन्य आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य को भी जल्द से जल्द शुरू कराने की अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। इसके साथ ही, इस ऐतिहासिक सड़क का निर्माण वीरांगना रानी दुर्गावती के गौरवशाली कार्यकाल की यादों और विरासत को सहेजते हुए किया जा रहा है। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति तक सुरक्षित रहेंगी केंद्रीय सेवा शर्तें

नवभारत, जबलपुर। रक्षा कर्मचारियों के संघर्ष को बड़ी जीत मिली है। ये कर्मचारी अब सेवानिवृत्ति तक केंद्रीय कर्मचारी ही रहेंगे। रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन विभाग) द्वारा 15 जून को जारी एक ऐतिहासिक कार्यालय ज्ञापन ने पूर्व ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड के लाखों कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। एम्पावर्ड ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स द्वारा 11 जून, 2026 को लिए गए फैसलों के तहत, जो कर्मचारी नए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में शामिल नहीं होना चाहते, वे सेवानिवृत्ति तक केंद्रीय कर्मचारी के रूप में सुरक्षित रहेंगे। इस ऐतिहासिक निर्णय को कर्मचारी यूनियनों ने अपने लंबे

संघर्ष की महाजीत बताया है। जानकारी के अनुसार सभी संबंधित कर्मचारियों के डीम्ड डेप्यूटेशन की अवधि को फिलहाल 01.10.2026 से बढ़ाकर 31.03.2027 तक कर दिया गया है। अब सरकार के इस निर्णय से यह स्पष्ट हो गया है कि जो कर्मचारी डीपीएसयू में समायोजन नहीं लेना चाहते हैं, वे अपनी सेवा समाप्ति अर्थात सेवानिवृत्ति तक केंद्रीय सरकारी कर्मचारी के रूप में ही कार्य करते रहेंगे। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद आईएनडीडब्ल्यूएफ और यूनियनों ने हर्ष जताया है।

एआईडीईएफ के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉइज फेडरेशन द्वारा लगातार उठाई जा रही मांगों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन कर्मचारियों द्वारा नई रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में (समायोजन) का विकल्प नहीं चुना जाएगा, वे सेवानिवृत्ति तक डीम्ड डेपुटेशन पर बने रह सकेंगे।

छाछ वितरित कर पहुंचाई गर्मी से राहत

जबलपुर, नवभारत। भीषण गर्मी के बीच समाजसेवा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए अभिषेक और उनकी टीम ने जन्मदिन के अवसर पर शहर में छाछ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। सुबह से शाम साढ़े चार बजे तक चले इस अभियान में बड़ी संख्या में लोगों को छाछ वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। अभिषेक ने बताया कि उनकी टीम श्री राम एनवायरनमेंट संस्था से जुड़कर पिछले सात वर्षों से लगातार जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर रही है। नौतपा के दौरान भी टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लस्सी और छाछ का वितरण किया था।

बैठक | नगर निगम के विकास कार्यों की प्रगति जानने ली बैठक

जल उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर : निगमायुक्त

नवभारत,जबलपुर। वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर में जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो उसके लिए भी नगर निगम द्वारा बेहतर ढंग से नाला-नालियों की सफाई कराई जा रही है। इन सभी कार्यो की प्रगति जानने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सी.एम. हैल्पलाइन, जल प्रदाय, शासकीय योजना, स्वास्थ्य, प्रकाश, बाजार और अतिक्रमण विभागों के कार्यों की बैठक में समीक्षा की और प्रगति की जानकारी ली।

इस अवसर पर निगमायुक्त ने जल विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जितने भी शहर में अवैध कनेक्शन चिन्हित हैं उन सभी को वैध करने की प्रक्रिया पूरी कर कार्यवाही की जाए, जिससे कि जल उपभोक्ताओं के कनेक्शन वैध हो सकें। साथ ही निगमायुक्त ने सभी विभागीय प्रमुखों को आपसी तालमेल और समन्वय के साथ आवंटित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में पूरा करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

नगर निगम शुरू कर रहा महाभियान

शहर में जल आपूर्ति को व्यवस्थित करने और नागरिकों को राहत देने के लिए नगर निगम एक विशेष महाभियान शुरू करने जा रहा है। निगमायुक्त ने कहा की है कि जिन नागरिकों के पास अवैध नल कनेक्शन हैं, वे आवेदन देकर अपने कनेक्शन को वैध करा सकते हैं। मानसून और वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए नगर निगम पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य और स्वच्छता अमले को शहर के सभी छोटे-बड़े नाले-नालियों की नियमित और सघन सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

मेडिकल में शराब बेचते चार तस्कर धराए

नवभारत, जबलपुर । गढ़ा पुलिस ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बाउण्ड्री के पास शराब बेचने वाले दो तस्करों गोल्डी उर्फ कुंवर सिंह राजपूत 25 वर्ष, गोविन्द उर्फ छोटू राजपूत 24 वर्ष दोनों निवासी सगड़ा तिलवारा को दबोचा । स्कूटी में 2 कार्टून में 100 पाव देशी शराब कीमती लगभग 9 हजार रूपये रखी मिली आरोपियों के कब्जे से 100 पाव देशी शराब मय स्कूटी सहित जप्त की गई। इसी प्रकार मेडिकल कालेज हास्पिटल कैंसर विभाग के पास दबिश देते हुये आरोपी शुभम उर्फगोलू रैदास 32 वर्ष निवासी शास्त्रीनगर अवनी विहार तिलवारा एवं राजा यादव 26 वर्ष निवासी सेंट अगस्टीन स्कूल के पास तिलवारा को दबोचा गया।

नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया रक्तदान का संदेश

जबलपुर, नवभारत। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर के रक्तकोष विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज परिसर से जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें डॉक्टरों, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने रक्तदान के महत्व से जुड़े नारे लगाए और आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रैली के माध्यम



से लोगों को बताया गया कि रक्तदान एक महादान है, जिससे अनेक जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने गीत, नाटक और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से रक्तदान का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया।

बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

कार्यक्रम में रक्तदान से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में डॉक्टरों, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान कुल 45 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।